हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 28 मार्च 2024, समय 1305 (5 मिनट))

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को आज शाम तक अपने अपने जिलों में मतदान केंद्रों के निरीक्षण का कार्य मुकम्मल करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने इसके साथ विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता गतिविधियों में तेज़ी लाने को भी कहा। श्री अग्रवाल ने जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की नई बैठक के दौरान यह निर्देश दिए।

उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अपने अपने जिलों में नियंत्रण कक्ष स्थापित करने प्रत्येक मतदान केंद्र के बाहर निगरानी के लिए कैमरे लगाने और मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं जिलानिर्वज्ञचन अधिकारियों के कार्यालय के टेलीफोन नंबर तथा टोल फ्री नंबर 1950 प्रदर्शित करने की हिदायत भी की ताकि मतदाता किसी भी मुद्दे को लेकर प्रशासन से तुरंत संपर्क का सकें।

श्री अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि, मतदाता जागरूकता के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सेल्फी प्वांइट भी बनाये जायें। इसके अलावा, युवा मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें मतदान के बाद क्यू आर कोड स्कैन कर अपनी फोटो अपलोड करने के लिए भी कहा जाये।

श्री अग्रवाल ने अधिकारियों से बातचीत में निर्वाचन आयोग और हरियाणा निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैयार की गई जागरूकता वीडियो, स्थानीय केबल नैटवर्क पर और इनकी ऑडियो एफ.एम. रेडियो पर प्रसारित करने नर बल दिया।

....

जननायक जनता पार्टी के प्रमुख अजय सिंह चौटाला ने पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह को भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय सीट से लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया है।

भिवानी के विधानसभा हलके तोशाम के गांव वीरन में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते समय श्री चौटाला ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि राव बहादुर

को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद उम्मीदवार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि शेष नौ लोकसभा सीटों के लिए भी पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा शीघ्र की जायेगी।

राव बहादुर सिंह ने पिछले सप्ताह ही जननायक जनता पार्टी में वापसी की है। वे कई वर्षों तक इंडियन नेशनल लोकदल और फिर जननायक जनता पार्टी में रहे किन्तु गत वर्ष वे कांग्रेस में चले गए थे।

सववादाताओं से बातचीत में श्री अजय चौटाला ने कहा कि वे भिवानी-महेंद्रगढ़ का चुनाव पूरी तन्मयता से लड़ेंगे। श्री दिग्गविजय चौटाला के भिवानी-महेंद्रगढ़ से चुनाव लड़ने के बयान बारे पूछे जाने पर श्री अजय चौटाला ने कहा कि उनके परिवार से एक व्यक्ति ही लोकसभी चुनाव लड़ेगा और दिग्गविजय भी चुनाव मैदान में उतर सकते है।

....

रोहतक विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक भारत भूषण बतरा ने भारतीय जनता पार्टी पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उन्होंने हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी को भेजी शिकायत में कहा है कि बी.जे.पी. द्वारा सार्वजनिक संपत्ति पर पोस्टर और फ्लेक्स लगाए हैं। उन्होंने इस बारे कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

....

हरियाणा में 16 मार्च से लेकर अब तक Cigil Vigil App पर 454 शिकायतें मिली है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि इनमें से 329 शिकायतें वैध पाई गई हैं। उन्होंने बताया कि 329 शिकायतों में से 147 का निपटारा कर दिया है।

श्री अग्रवाल ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन बारे आ रही शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि हाल ही में 22 हज़ार लोगों ने C-Vigil App डाऊनलोड की है।

....

केन्द्र सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम-मनरेगा के तहत संशोधित वेतन के बारे में अधिसूचना जारी की है।

हरियाणा में अकुशल मजदूर को प्रतिदिन 374 रुपये, गोवा में 356, कर्नाटक में 349, केरल में

346 और पंजाब में 322 रुपये की मजदूरी दी जाएगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा है कि अधिसूचना पहली अप्रैल से लागू हो जाएगी। मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी दर में इससे पहले पिछले वर्ष मार्च में संशोधन हुआ था।

....

पश्चिमी कमान ने अपने दिग्गजों, वीर नारियों, विधवाओं और उनके परिवारों के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए अंबाला छावनी में पूर्व सैनिक रैली "संपर्क से मिलाप" का आयोजन किया गया। हरियाणा राज्य के आठ जिलों को कवर करने वाली इस रैली में 2400 से अधिक पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिजनों ने भाग लिया।

रैली में पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार और खड़गा कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मौजूद रहे। रैली को संबोधित करते हुए, पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने सेवानिवृत्त सैनिकों के साथ भारतीय सेना की एकजुटता का आश्वासन दिया और कहा कि सेना उनकी जरूरतों के प्रति संवेदनशील है और पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनकी जरूरतों को पुरा करने एवं उनके परिवारों की देखभाल के लिए हर प्रयास करेगी।

रैली के दौरान मौके पर ही समाधान के उद्देश्य से बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज की गईं।

इसके अलावा, चिकित्सा शिविर में विभिन्न विशेषज्ञों ने पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों को उपचार एवं परामर्श प्रदान किया। इस दौरान,

पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने वीर नारियों एवं पूर्व सैनिक वीरता पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित भी किया।

....